# याकुल्ट डेनोन इंडिया ने मध्य भारत में किया अपना विस्तार

इन्दौर। याकुल्ट डेनोन इंडिया प्रा. लि. ने आज अपने दुनियाभर में लोकप्रिय प्रोबायोटिक हेल्थ ड्रिंक याकुल्ट को मध्य प्रदेश में लॉन्च करने की घोषणा की। चुनिंदा उत्तरी, पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी बाजारों में सफलता के बाद इस उत्पाद को इंदौर में पेश किया गया है। याकुल्ट को भारत में 2008 में लॉन्च किया गया था और वर्तमान में यह दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, पुणे, गोवा, अहमदाबाद, बेंगलुरू, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता, लखनऊ, जयपुर, चंडीगढ़, हरियाणा और पंजाब में उपलब्ध है। याकुल्ट की ब्रांड अंबेस्डर जानीमानी भारतीय अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा हैं। याकुल्ट ब्रांड अपने अनूठे ब्रांड कथन 'लव योर इंटेस्टाइन विथ याकुल्ट' के साथ फंक्शनल फूड प्लेटफॉर्म पर स्थापित है। लॉन्चिंग के अवसर पर बोलते हुए, याकुल्ट डेनोन इंडिया प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक श्री मिनोरू शीमादा ने कहा, ÷इस सच्चाई को जानते हुए कि भारत में हर दूसरा व्यक्ति अनहेल्दी आहार और अनियमित जीवनशैली के कारण पाचन संबधी रोग से पीड़ित है, इसलिए ऐसे समाधान की यहां तुरंत जरूरत है जो बढ़ते हुए खतरे का सामना कर सके।

